# First PUC Annual Examination, January - February - 2019

**Time : 3-15 Hrs.** **Subject - Hindi (03)** **Max. Marks : 100**

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य हैं ।

I (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । **6 x 1 = 6**

1. आनंदी के पिता का नाम लिखिए ।
2. किस शक्ति के सामने सब शक्तियाँ दब जाएँगी?
3. निंदा का उद्‌गम किससे होता है?
4. 'मूक–नायक' पत्रिका के संपादक कौन थे?
5. हृदय रोगियों के लिए किस तरह का भोजन अच्छा नहीं है?
6. राष्ट्र का तीसरा अंग कौन–सा है?

(आ) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **3 x 3 = 9**

7. बिंदा अपनी नई अम्मा से किस प्रकार डरती थी?
8. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता?
9. बद्रीनारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए।
10. राष्ट्र निर्माण में जन का क्या योगदान होता है?
11. रमेश ने बेहोशी का अभिनय क्यों किया?

II (अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? **4 x 1 = 4**

12. 'जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है।'
13. 'वह रही मेरी अम्मा ।'
14. 'अरे बिच्छू–बिच्छू ।'
15. 'परहेज ही तो असली इलाज है ।'

(आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए । **2 x 3 = 6**

16. उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बडे होकर क्षमा करो ।
17. ढोंगी बनने की अपेक्षा स्पष्ट रूप से नास्तिक बनना अच्छा है ।
18. आ बेटा, तुझे कलेजे से लगा लूँ ।
19. किसको मिले मास्टरी चाँस, थर्ड डिविजन मैट्रिक पास ।

III (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । **6 x 1 = 6**

20. क्रोध किसके समान है?
21. मीराबाई ने किसे अपना आराध्य माना?
22. वधू बनकर कौन आयी है?

23. कवयित्री ने यौवन के नशे में क्या देखा?

24. कवि प्रतिभा से क्या पूछते हैं?

25. कवि किसके साथ होने की बात करते हैं?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **2 x 3 = 6**

26. तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए ।

27. किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड रही थी?

28. बच्चन जी ने जग में क्या लुटाया और क्यों?

29. कवि अपने मित्र को किन–किन शब्दों में पुकारता है?

**(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :–** **2 x 4 = 8**

30. ज्ञान से अज्ञान दूर होता है,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लोहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देवा ।

अथवा

मानुष हों तो वही रसखानि बसों ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जो पसु हौं, तो कहा बसु मेरो, चरौनित नंद की धेनु मंझारन ॥
पाहन हौं, तो वही गिरि कौ, जो धरयौ कर छत्र पुरंदर धारन ।
जो खग हौं, बसेरो करों मिलि कालिंदी–कूल–कदंब की डारन ॥

31. औरों के हाथों यहाँ नहीं पलती हूँ
अपने पैरों पर खडी आप चलती हूँ
श्रमवारि–बिंदु फल स्वास्थ्य–शक्ति फलती हूँ
अपने अंचल से व्यंजन आप झलती हूँ

अथवा

नारी अबला नहीं बल्कि यह नारी रणचंडी भी है,
कृत्या है यह दुर्दम दैत्य नाशिनी दुर्गा माँ भी है ।
शक्ति और शिवानी है यह और कात्यायिनी भी है ।
दैत्यों के शोणित को पीने वाली महाकाली भी है ।

**IV (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्यों में उत्तर लिखिए ।** **6 x 1 = 6**

32. शराबी के हाथ में कितने रुपए थे?

33. पाँच वर्ष में युवक की कितनी पत्नियाँ मर गई?

34. वीरजी की बहन का नाम क्या है?

35. चंद्रप्रकाश का फ्लैट कहाँ था?

36. सिलिया किस दौड में प्रथम आयी थी?

37. रामचंद्र कितने वर्ष का था?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3 x 3 = 9

38. बीमार प्रमोद की हालत कैसी थी?

39. सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ संकल्प किया?

40. दिल्ली में शीत लहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए।

41. मंगलसेन को अपनी हैसियत पर क्यों नाज़ था?

42. पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा?

43. शराबी एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया?

V (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए। 5 x 1 = 5

44. क) मैं स्कूल जाना चाहिए।

ख) वह दरवाजा खोला।

ग) मुझे मैसूर जाना पडेगी।

घ) गोपाल गाना गाया।

ङ) लता को गीत गानी है।

(आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए। 5 x 1 = 5

(से, के, का, पर, ने)

45. क) यह मोहन.....................घर है।

ख) दरवाजे ......................... कौन खडा है।

ग) छत..................ऊपर मत कूदो।

घ) उसे पद ...................... हटा दिया गया।

ङ) बिल्ली ................... चूहे को मारा।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए। 4 x 1 = 4

46. 1) पीठ दिखाना — क) बहुत प्यार

2) टाँग अडाना — ख) क्रोध से भर जाना

3) गले का हार — ग) हार कर भागना

4) आग बबूला होना — घ) व्यर्थ में दखल देना

(ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए। 3 x 1 = 3

47. क) कल मेहमान आएंगे। (भूतकाल में लिखिए।)

ख) सूरदास ने अनेक पद लिखे। (वर्तमान काल में लिखिए।)

ग) वह अपने विचार व्यक्त करता है। (भविष्यत्काल में लिखिए)

(उ) अन्य लिंग रूप लिखिए । **2 x 1 = 2**

48. याचिका, धोबी

(ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए । **2 x 1 = 2**

49. साडी, भैंस

(ए) समानार्थक शब्द लिखिए । **2 x 1 = 2**

50. हाथ, तालाब

(ऐ) विलोम शब्द लिखिए । **2 x 1 = 2**

51. न्याय, नैतिक

**VI** (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **5 x 1 = 5**

52. ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य प्रकृति में छिपा कर रख दिये थे । मनुष्य ने अपने परिश्रम और प्रयत्न से उन रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया, यह कहना गलत है कि मनुष्य संसार में आते समय अपना भाग्य लेकर आता है वास्तव में वह अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है जो वह अपनी मेहनत से बनाता है । प्रकृति मनुष्य के भाग्य से डरकर नहीं बल्कि उसके परिश्रम से हार मानती है । जो लोग भाग्य पर विश्वास करते हैं, वे आलसी है वास्तव में वीर और परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं बनाता है ।

प्रश्न :-

1) ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य किस में छिपाकर रख दिये थे?
2) किसने अपने परिश्रम और प्रयत्न से रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया?
3) प्रकृति किससे हार मानती है?
4) भाग्य पर विश्वास करनेवाले लोग कैसे होते हैं?
5) अपने भाग्य का निर्माता कौन है?

(आ) 53. अपने बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखकर बैंक की कार्य व्यवस्था के बारे में कुछ सुझाव दीजिए । **1 x 5 = 5**

अथवा

अपनी छोटी बहन को बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने पर बधाई पत्र लिखिए ।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **5 x 1 = 5**

54. क) ದಯಮಾಡಿ ಬಾಗಿಲನ್ನು ಮುಚ್ಚಿರಿ.
   Please close the door

   ख) ಭಾರತವು ಭಯೋತ್ಪಾದನೆಯನ್ನು ಸಹಿಸದು.
   India will never tolerate terrorism

   ग) ಮಿತ್ರರು ನಮ್ಮ ನಿಜವಾದ ಶುಭ ಚಿಂತಕರು.
   Friends are our real well wishers

   घ) ಹಕ್ಕಿಗಳಿಗೆ ಎರಡು ರೆಕ್ಕೆಗಳಿರುತ್ತವೆ.
   Birds have two feathers.

   ङ) ಸೂರ್ಯನು ಪಶ್ಚಿಮದಲ್ಲಿ ಮುಳುಗುತ್ತಾನೆ.
   The sun sets in the west.